/kautilyaacademy

कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II




# डेली करंट अफेयर्स

## 24 April 2024

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2024 :

- भारत में हर साल **24 अप्रैल** को एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना के उपलक्ष्य में **'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस'** (National Panchayati Raj Day 2024) मनाया जाता है।
- सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2024 की आधिकारिक थीम की घोषणा नहीं की, लेकिन एक पुरस्कार समारोह देश भर में सर्वश्रेष्ठ पंचायतों की सराहना करता है।




For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- यह दिन **73वें संशोधन अधिनियम** के अधिनियमन की याद दिलाता है, जिसने गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय प्रणाली स्थापित की।
- **संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992** के **अधिनियमन 24 अप्रैल, 1993** को लागू हुआ था, इस उपलब्धि को चिह्नित करते हुए पंचायती राज मंत्रालय प्रत्येक वर्ष **24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस** (एनपीआरडी) पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाता है।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*

# पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य :

- पंचायत शब्द दो शब्दों '**पंच**' और '**आयत**' के मेल से बना है। **पंच का अर्थ है पांच** और **आयत का अर्थ है सभा।** पंचायत को पांच सदस्यों की सभा कहा जाता है जो स्थानीय समुदायों के विकास और उत्थान के लिए काम करते हैं और स्थानीय स्तर पर कई विवादों का हल निकालते हैं। पंचायती राज व्यवस्था का जनक लॉर्ड रिपन को माना जाता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **लॉर्ड रिपन** ने **1882 में स्थानीय संस्थाओं को उनका लोकतांत्रिक ढांचा प्रदान किया था।** अगर देश में किसी गांव की हालत खराब है तो उस गांव को सशक्त और विकसित बनाने के लिए ग्राम पंचायत उचित कदम उठाती है।
- **बलवंत राय मेहता समिति** के सुझावों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री **पंडित जवाहरलाल नेहरू** ने सबसे पहले **2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया था।** इसके कुछ दिनों के बाद **आंध्र प्रदेश** में भी इसकी शुरूआत हुई थी।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40** में **पंचायतों का उल्लेख** किया गया है और **अनुच्छेद 246** में **राज्य विधानमंडल को स्थानीय स्वशासन से संबंधित किसी भी विषय पर कानून बनाने का अधिकार** दिया गया है।
- जानकारों के अनुसार, केंद्र सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सक्षम और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पंचायती राज संस्थाओं में 9 विषयों में सतत विकास का लक्ष्य रखा गया;-

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

1. गरीबी मुक्त और बढ़ी हुई आजीविका गांव
2. स्वस्थ गांव
3. बच्चों के अनुकूल गांव
4. जल पर्याप्त गांव
5. स्वच्छ और हरित गांव
6. आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव
7. सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव
8. सुशासन वाला गांव
9. महिला मित्र गांव

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# वर्तमान में भारत में पंचायत :

- एक आंकड़ों के अनुसार **भारत में कुल 2.51 लाख पंचायतें** हैं, जिनमें **2.39 लाख ग्राम पंचायतें, 6904 ब्लॉक पंचायत** और **589 जिला पंचायतें** शामिल है। इन पंचायतों में **लगभग 29 लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधि हैं**, जो अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रहे है।



# पंचायत से संबंधित महत्वपूर्ण अनुच्छेद :

- **भारत के संविधान का भाग-IX** (अनुच्छेद-243 से 243-O: पंचायत) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित है।
- इसमें पंचायत की विभिन्न शर्तों, संरचना, अवधि, आरक्षण, शक्तियों आदि की परिभाषाएं शामिल हैं।
- **अनुच्छेद 243-** पंचायतों की परिभाषा बताता है।
- **अनुच्छेद 243A;-** ग्राम सभा के बारे में उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243B:-** पंचायतों का संविधान उल्लेख करता है।


For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play

- **अनुच्छेद 243C ;-** पंचायतों की संरचना के बारे में उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243D;-** पंचायतों में सीटों के आरक्षण के बारे मेंउल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243E;-** पंचायतों की अवधि के बारे में उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243F;-** पंचायतों के सदस्य की अयोग्यता के बारे में उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243G;-** शक्ति प्राधिकरण और पंचायतों की जिम्मेदारी के बारे में उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243H;-** पंचायतों द्वारा कर लगाने और उन्हें निधि देने की शक्ति का उल्लेख करता है।
- **अनुच्छेद 243I:-** पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिए वित्त समिति के गठन का उल्लेख करता है

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात :

- तमिलनाडु ने **वित्त वर्ष 2023-24** में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में रिकॉर्ड तोड़ **9.56 बिलियन डॉलर** की उपलब्धि हासिल की है।
- यह इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात की **कुल राष्ट्रीय भागीदारी का लगभग 33%** था।



# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भारतीय राज्यों की स्थिति:



| राज्य | निर्यात (डॉलर में) | राष्ट्रिय निर्यात में भागीदारी |
|---|---|---|
| तमिलनाडु | 9.56 बिलियन | 33% |
| कर्नाटक | 4.6 बिलियन | 16% |
| उत्तर प्रदेश | 4.46 बिलियन | 15.32% |
| महाराष्ट्र | 3 बिलियन | 10.62% |
| गुजरात | 2.75 बिलियन | 9.43% |
| दिल्ली | 1.51 बिलियन | 5.18% |
| हरियाणा | 698 मिलियन | 2.4% |
| तेलंगाना | 610.62 मिलियन | 2.1% |

# वैश्विक सैन्य व्यय का ट्रेंड, 2023 रिपोर्ट :

- **भारत 2023 में 83.6 अरब डॉलर** के खर्च के साथ **अमेरिका, चीन** और **रूस के बाद विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश** था। एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

➔ **स्टाकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी)** ने अपनी रिपोर्ट इस महीने अपनी वेबसाइट पर साझा की और कहा कि पिछले साल वैश्विक सैन्य खर्च में 'वृद्धि' के लिए 'मुख्य रूप से यूक्रेन में चल रहे युद्ध और एशिया तथा ओशिनिया व पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव' को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।



# रिपोर्ट से संबंधित बिंदु :

- **भारत 2023 में दुनिया में चौथा सबसे बड़ा सैन्य व्यय करने वाला देश** था।
- **2023 में भारत का सैन्य व्यय 83.6 बिलियन डॉलर** था।
- **सर्वाधिक सैन्य व्यय वाले देश हैं:** संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और रूस ।
- 2023 में नाटो सदस्य देशों का **कुल सैन्य व्यय 1341 बिलियन डॉलर** था। यह **वैश्विक सैन्य व्यय का 55%** था।
- 2023 में वैश्विक सैन्य व्यय, **2443 बिलियन डॉलर के सर्वोच्च स्तर** पर पहुंच गया था।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) :

- **सिपरी / SIPRI** की स्थापना **1966** में हुई थी।
- यह एक स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।
- यह संस्था **संघर्ष, आयुध, हथियार नियंत्रण** और **निरस्त्रीकरण** में अनुसंधान-कार्य करती है।

sipri

STOCKHOLM INTERNATIONAL PEACE RESEARCH INSTITUTE (SIPRI)

# कुवेत में पहला हिंदी रेडियो प्रसारण :

## भारत कुवैत संबंध :

- **भारत और कुवैत** के बीच पारंपरिक रूप से **मैत्रीपूर्ण संबंध** हैं, जिनका इतिहास में वर्णन मिलता है, और यह समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं।
- कुवैत में भारतीय दूतावास के अनुसार, **लगभग 1 मिलियन की ताकत वाला भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है** और इसे प्रवासी समुदायों के बीच पहली पसंद का समुदाय माना जाता है।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **कुवैत** में इंजीनियर, डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वैज्ञानिक, सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ, प्रबंधन सलाहकार, आर्किटेक्ट जैसे पेशेवर,तकनीशियन और नर्स, खुदरा व्यापारी और व्यवसायी रहते हैं।
- विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार भारत कुवैत का स्वाभाविक व्यापारिक भागीदार रहा है, और **1961 तक, भारतीय रुपया कुवैत में कानूनी तौर पर चला करता था।**
- कुवैत में भारतीय व्यापार समुदाय ने खुदरा और वितरण क्षेत्र में कुवैती बाजार में एक जगह बना ली है। वहीं दूसरी ओर वर्ष 2021 में भारत और कुवैत ने दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ भी मनाई। दोनों देशों ने नियमित रूप से उच्च स्तरीय संपर्क बनाए रखा है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

## कुवेत :

- कुवैत, आधिकारिक तौर पर कुवैत राज्य, **अरब की खाड़ी के सिरे पर पूर्वी अरब के उत्तरी किनारे** पर स्थित है।
- इसकी सीमा इराक और सऊदी अरब से लगती है।
- **मदीनत-अल-कुवैत** कुवैत की राजधानी होने के साथ-साथ यहां का सबसे बड़ा शहर भी है। इसे कुवैत का हृदय भी कहा जाता है।
- **कुवैत एक संवैधानिक राजतंत्र है** जिसकी उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था दुनिया के छठे सबसे बड़े तेल भंडार द्वारा समर्थित है।
- **कुवैती दीनार दुनिया में सबसे अधिक मूल्य वाली मुद्रा है।** विश्व बैंक के अनुसार, यह देश दुनिया में चौथी सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला देश है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play


M
C
Q
QUESTIONS

1. वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में किस राज्य ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है?

(A) तमिलनाडु

(B) केरल

(C) कर्नाटक

(D) महाराष्ट्र

Ans;-तमिलनाडु

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**2. KISS ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड-2021 से किसे सम्मानित किया गया है?**

(A) अनिल अंबानी
(B) गौतम आडवाणी
(C) अमित शाह
(D) रतन टाटा

**Ans;-रतन टाटा**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

3. **2024 टी20 विश्व कप के लिए भारत का कौन सा ब्रांड स्कॉटलैंड और आयरलैंड की क्रिकेट टीमों को प्रायोजित करेगा?**

(A) सहारा
(B) अमूल
(C) नंदिनी
(D) टाटा एंड संस

**Ans;-नंदिनी**

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**4. किस देश में पहले हिंदी रेडियो प्रसारण शुरू हुआ है?**

(A) इराक (B) ईरान

(C) सीरिया (D) कुवैत

**Ans;-कुवैत**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

5. **लॉरियस स्पोर्ट्र्स अवाइर्स समारोह 2024 में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?**

(A) ऐताना बोनमती
(B) सिमोन बाइल्स
(C) नोवाक जोकोविच
(D) इनमें से कोई नहीं

**Ans;-नोवाक जोकोविच**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

6. **सौरव घोषाल ने संन्यास की घोषणा की है वह किस खेल से संबंधित थे?**

(A) क्रिकेट
(B) फुटबॉल
(C) बेसबॉल
(D) स्क्वैश

**Ans;-स्क्वैश**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

7. **प्रोफेसर नईमा खातून किस विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति नियुक्त हुई है?**

(A) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय विद्यालय
(B) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
(C) दिल्ली विश्वविद्यालय
(D) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

**Ans;-अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# Thank you!

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*